प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

आज़ादी का अमृत महोत्सव

5 जनवरी 2023

## विनियामक सैंडबॉक्स (आरएस) – वित्तीय धोखाधड़ी की रोकथाम और न्यूनीकरण पर चौथा कोहार्ट - जांच चरण

भारतीय रिज़र्व बैंक ने दिनांक 06 जून 2022 की प्रेस प्रकाशनी के माध्यम से विनियामक सैंडबॉक्स के अंतर्गत चौथा कॉहोर्ट खोलने की घोषणा की थी, जिसका विषय था 'वित्तीय धोखाधड़ी की रोकथाम और न्यूनीकरण'।

2. रिज़र्व बैंक को नौ आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से छह को 'जांच चरण' के लिए चुना गया है। नीचे दिए गए विवरण के अनुसार, संस्थाएं, फरवरी 2023 से अपने उत्पादों की जांच आरंभ करेंगे।

| क्रम सं. | सैंडबॉक्स संस्था | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | भवन साइबरटेक प्राइवेट लिमिटेड | सोल्युशन 'आरटी360 रियल टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम', निरंतर और तत्काल आधार पर ऋण खातों से लेनदेन और घटनाओं की निगरानी के लिए एक व्यापक निगरानी तंत्र प्रदान करता है। |
| 2 | क्रेडीवॉच इंफॉर्मेशन एनालिटिक्स प्राइवेट लिमिटेड | सोल्युशन 'क्रेडीवॉच ईडब्ल्यूएस' क्रेडिट निगरानी और धोखाधड़ी की पहचान के लिए एक प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली है जो वाणिज्यिक उधारकर्ताओं के लिए परेशानी के शुरुआती संकेतों को उजागर करने हेतु सार्वजनिक और निजी डेटा स्रोतों के डेटा की जांच करती है। |
| 3 | एनस्टेज सॉफ्टवेयर प्राइवेट लिमिटेड (विब्मो) | उत्पाद 'ट्राइडेंट एफआरएम' एक जोखिम आधारित प्रमाणीकरण सोल्युशन है, जिसका उद्देश्य उपयोगकर्ताओं के जोखिम मूल्यांकन के आधार पर कम मूल्य के लेनदेन के लिए आसान (ओटीपी के बिना) लेनदेन अनुभव प्रदान करना है। |
| 4 | एनस्टेज सॉफ्टवेयर प्राइवेट लिमिटेड (विब्मो) के सहयोग से एचएसबीसी | यह उत्पाद एक सीमित उपयोगकर्ता समूह एआई / एमएल आधारित सोल्युशन है जो उन्नत प्रौद्योगिकियों के माध्यम से पूर्ववर्ती लेनदेन और प्रासंगिक जानकारी का उपयोग करके बैंकों और वित्तीय संस्थानों के बीच सहयोग की शक्ति का उपयोग कर कार्ड-रहित (कार्ड-नॉट-प्रेजेंट) धोखाधड़ी का पता लगाने में मदद करता है। |
| 5 | नैपआईडी साइबरसेक प्राइवेट लिमिटेड | उत्पाद 'नैपआईडी फ्रॉड फिल्टर लेयर' लॉगिन फॉर्म, भुगतान फॉर्म, एटीएम, पीओएस मशीनों को लॉक कर देता |

| | | |
|---|---|---|
| | | है और इसे केवल अधिकृत उपयोगकर्ता के लिए सक्षम बनाता है ताकि वे नैपआईडी ज़ीरो-फैक्टर ऑथेंटिकेटर ऐप के माध्यम से अपने क्रेडेंशियल्स का उपयोग करके लेनदेन कर सकें। |
| 6 | ट्रस्टिंग सोशल प्राइवेट लिमिटेड | उत्पाद 'ट्रस्टिंग सोशल सीआई एंड एवी' उपयोगकर्ताओं के आवासीय और कार्यालय पते का अनुमान लगाने के लिए ग्राहकों के उपयोग, स्थान संकेतों और ऐसे अन्य मापदंडों पर गैर-व्यक्तिगत रूप से पहचाने जाने योग्य डेटा पर अपना प्रप्राइटेरी एआई एल्गोरिदम चलाकर पता का सत्यापन करने में मदद करता है। यह संभावित ग्राहकों द्वारा घोषित पते/स्थान की सटीकता और स्थिरता को सत्यापित करने में मदद करता है। इसके अलावा, क्रेडिट इनसाइट सुविधा, सक्रिय ग्राहकों की स्थिति को रैंक करने के लिए जोखिमयुक्त मोबाइल उपयोगकर्ता डेटा का उपयोग करती है ताकि ऋण आवेदक की चूक के जोखिम का आकलन किया जा सके। |

**(योगेश दयाल)**

**प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/1498**

मुख्य महाप्रबंधक